कार्यालय जिलाधिकारी ,आजमगढ़।

पत्रांक : 1333 / सात–भूलेख　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 18 जून, 2015

विषय: लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 के सम्बन्ध में।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी
आजमगढ़।

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–1315 / सात–भूलेख दिनांक 12 जून, 2015 का संदर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें, जिसके द्वारा लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 से सम्बन्धित परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों की प्रतियां आपको उपलब्ध करायी जा चुकी है। लेखपाल परीक्षा से सम्बन्धित प्रकाशित की गयी प्रेस विज्ञप्ति को इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि लेखपाल परीक्षा से सम्बन्धित निर्गत निर्देशों एंव प्रेस विज्ञप्ति को जनपद की वेबसाईट पर **दिनांक 22.06.2015 के पूर्व** अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक: यथोपरि।

अपर जिलाधिकारी(भू–राजस्व)
आजमगढ़।

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्व विभाग, उ0प्र0

लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम– आजमगढ़ **परीक्षा का नामः लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्याः 1331 /भूलेख **दिनांक 18 जून, 2015**

आवेदन पत्र स्वीकार (**SUBMIT**) किये जाने की अन्तिम तिथिः...........**22 जुलाई, 2015**

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करनें की अन्तिम तिथिः...................................**21 जुलाई, 2015**

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन–लाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन–लाईन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण।

कम	पद नाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम् 18 वर्ष अधिकतम् 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे– 2000)	**654**	**422**	**145**	**22**	**65**	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इन्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रादेशिक सेना में न्यूनतम् दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का **"बी"** प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली–2006 यथा संशोधित 2014 एंव समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एंव परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा **80 अंक** की तथा साक्षात्कार **20 अंक** का होगा।

2– दिनांक **01.07.2015** को अभ्यर्थी की न्यूनतम् आयु **18 वर्ष** पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु **40 वर्ष** से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– ऑन–लाइन फार्म दिनांक 22.06.2015 से दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेगें। सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से **रूपये 300/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनूसचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रूपये 150/– (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त)** का आवेदन शुल्क **ई–चालान** के माध्यम से जिलाधिकारी आजमगढ़ के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन–लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिर्वतन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा।

5– **परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक** का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में

क्रमशः–2–पर

तिथि, समय और परीक्षा एंव साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को **ई–प्रवेश** पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेबसाइट ***http://bor.up.nic.in*** और जिले की वेबसाइट ***azamgarh.nic.in*** पर उपलब्ध होगा।

6– ऑन–लाइन आवेदन का प्रारूप, ऑफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एंव परीक्षा संबंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद के वेबसाइट ***http://bor.up.nic.in*** पर और जिले की वेबसाइट ***azamgarh.nic.in*** पर उपलब्ध हो जायेगा।

18/6/15

अध्यक्ष, चयन समिति / जिलाधिकारी
आजमगढ़।